# शासन ने निर्णय लेकर परिवादियों को राहत प्रदान की

**कोटा, (निसं)।** भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने कोटा आये मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से यात्रा के दौरान आम नागरिकों द्वारा मिलकर बताई गई समस्याओं का जिला प्रशासन द्वारा त्वरित निराकरण कर राहत प्रदान की गई है।

मानस गांव पंचायत के ग्राम देवली निवासी किसान रामकुमार पुत्र राम नारायण के कृषि कनेक्शन के 73 हजार 772 बकाया होने के कारण जयपुर विद्युत वितरण निगम द्वारा विद्युत कनेक्शन काट दिया था, जिसके कारण उसके खेत में खड़ी फसल सूख रही थी। रामकुमार ने भारत जोड़ो यात्रा में मुख्यमंत्री से मिलकर उसकी आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण विद्युत की बकाया राशि का भुगतान करने में असमर्थत बताते हुए मदद करने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने जिला कलक्टर ओपी बुनकर को किसान के कृषि कनेक्शन की बकाया राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृत करने के प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए।

जिला प्रशासन ने रामकुमार की गरीबी एवं छोटे किसानों की आर्थिक स्थिति के मद्देनजर रखते हुए मुख्यमंत्री सहायता कोष से 64 हजार 772 राशि स्वीकृत की। विद्युत निगम द्वारा 9 हजार रूपये जमा कराए जाकर विद्युत कनेक्शन जोड़ दिया गया है। शेष राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष से दी जा रही है। तहसील लाड़पुरा के ग्राम गोपालपुरा निवासी सत्यनारायण पुत्र देवीलाल मीणा ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि उसके कृषि कुए का एनएचएआई द्वारा भूमि अव्याप्ति में आ जाने के कारण कुए की कमी के कारण अन्य जगह विद्युत कनेक्शन नहीं मिलने की दशा में उसके द्वारा अपने घरेलू कनेक्शन से सिंगल फेज कनेक्शन द्वारा सिंचाई की जा रही है जिससे बिल ज्यादा आ रहा है।

इस पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इनके पूर्व कृषि कनेक्शन को किसान जहां चाहता है वहां शिफ्ट किया जाए। इसकी पालना में सत्यनारायण से कनेक्शन शिफ्टिंग की राशि जमा करवा कर कृषि कनेक्शन नए स्थान पर शिफ्ट कर उसकी समस्या का निराकरण कर दिया गया है। गोपालपुरा निवासी सत्यनारायण ने यह भी अवगत कराया कि एनएचएआई द्वारा बनाए जा रहे 8 लेन एक्सप्रेस-वे में उसके एवं दो भाइयों की कृषि भूमि उपखंड अधिकारी द्वारा भूमि अव्याप्ति अधिनियम के तहत की गई थी जिसके अवार्ड की घोषणा की जा चुकी है।

उसे राशि का भुगतान किया जा चुका है परंतु उसके दो भाई दुर्गा लाल मीणा व रामनिवास मीणा की आवाप्ति की घोषणा के बाद मृत्यु हो जाने कारण उनके वारिसों को अभी राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

इनके वारिसान को अवार्ड राशि का भुगतान करवाया जाए। मुख्यमंत्री ने जिला कलक्टर को इनका भुगतान की कार्यवाही पूरी कर समस्या निराकरण के निर्देश दिये थे। जिसमें जिला प्रशासन द्वारा वारिसान से आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति करवाकर 4 खातेदार व सात अन्य सह खातेदार कुल 11 खातेदारान द्वारा आवेदन करने पर 16 लाख 11 हजार 992 रुपए का चेक जारी कर दिया गया है।

शेष 4 खातेदार बाहर निवास करते हैं इस कारण इनके आवेदन प्रस्तुत नहीं किए जा सकते हैं इनके आवेदन तीन-चार दिवस में प्रस्तुत कर दिए जाएंगे जिसके बाद भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।

तहसील रामगंजमंडी मोड़क स्टेशन निवासी अनीता वैष्णव पत्नी स्व. सुनील वैष्णव ने मुख्यमंत्री से मिलकर अवगत कराया कि उसके पति सुनील वैष्णव की मृत्यु कोरोना से हुई थी। जिसकी मृत्यु के 1 लाख 50 हजार उसे मिल चुके हैं।

स्वयं को 1500 प्रति माह पेंशन, बच्चों को पालनहार का लाभ मिल रहा है। लेकिन उसके मृतक पति द्वारा मकान बनाने के लिए गृह फाइनेंस लिमिटेड झालावाड़ से 13 लाख 50 हजार का मकान ऋण स्वीकृत करवा कर इसके विरुद्ध 10 लाख 20 हजार की राशि प्राप्त की गई थी। पति की कोरोना से मृत्यु के कारण अब बैंक ऋण का भुगतान करने में वह असमर्थ है।

बैंक वाले उसका मकान नीलाम करने के लिए नोटिस जारी कर रहे हैं। प्रार्थिया की स्थिति लोन चुकाने की नहीं है अतः मकान का लोन माफ किया जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने जिला कलक्टर को निर्देश दिया कि इस हेतु पॉलिसी डिसीजन लेने के लिए प्रस्ताव मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रेषित किए जाएं। जिसकी पालना में जिला प्रशासन द्वारा अभिशंषा एवं वास्तविक स्थिति के साथ जिले में इस प्रकार के प्राप्त प्रकरणों को हवाला देकर मुख्यमंत्री कार्यालय को सूचना भिजवाई है।

## वरिष्ठ नागरिक संस्थान की मासिक बैठक संपन्न

**कोटा, (निसं)।** भीमगंज मंडी स्थित होटल में वरिष्ठ नागरिक संस्थान की मासिक बैठक सूरपालसिंह सेठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक सर्वधर्म प्रार्थना से प्रारंभ की गई सभा का संचालन महासचिव सुनील जैन द्वारा किया गया इस माह में जिन सदस्यों का जन्मदिन, विवाहित वर्षगांठ थी उन्हें अध्यक्ष द्वारा गिफ्ट माला पहना कर सम्मानित किया गया आरती श्रीनिवासन ने योगा का महत्व समझाया उन्होंने बताया कि नियमित योगा करने से शरीर स्वस्थ रहेगा इसका प्रचार-प्रसार जनता में करना चाहिए ताकि अधिकतम व्यक्ति रोगों से छुटकारा मिल सके अध्यक्ष द्वारा नए मेंबर का माला पहनाकर स्वागत किया गया सभी सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया शहीद हुए सैनिकों को दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया अंत में राष्ट्रगान के साथ सभा समाप्त की गई।

# भारत जोड़ो यात्रा मेरे लिए मेडिटेशन की तरह : राहुल गांधी

- शिक्षक नितिन विजय के साथ डेढ़ घंटे हुई धर्म, दर्शन और शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा
- अरनेठा से कापरेन के बीच करीब आठ किलोमीटर साथ चले

**कोटा, (निसं)।** मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम के तहत शनिवार को मोशन एजुकेशन में अनुप्रति योजना के तहत पढ़ रहे बच्चों ने अरनेठा में कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ मुलाकात कर अपने अनुभव बताए।

इस दौरान मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय और डायरेक्टर डॉ. स्वाति विजय का भी उनसे संवाद हुआ। इसके बाद राहुल गांधी ने दोनों को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। शुरू में पांच मिनट का समय मिला लेकिन धर्म, दर्शन, शिक्षा व्यवस्था के बारे में ऐसी चर्चा छिड़ी कि अरनेठा से कापरेन के बीच करीब 8 किलोमीटर की यात्रा में करीब डेढ़ घंटे दोनों साथ बने रहे।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि राहुल गांधी ने शिक्षा व्यवस्था पर विशेष चर्चा की और हमने मोशन में कार्य करने के दौरान शिक्षा से जुड़े अनुभव उन्हें बताए। भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछने पर राहुल गांधी बोले कि यह मेरे लिए मेडिटेशन की तरह है।

देश और देशवासियों की जो समझ इस यात्रा से बनी है, वह किसी वाहन में बैठकर यात्रा करके हासिल नहीं की जा सकती थी।

राहुल गांधी से मुलाकात के अनुभव पर विजय ने कहा कि हमारी मुलाकात में विचारों का शानदार आदान प्रदान हुआ। राहुल ने प्रोडक्टिविटी बढ़ाने, जॉब्स क्रिएट करने, अमरीका में हुए प्रयोगों और देश में सामंजस्य, समरसता के हालात बनाने के बारे में बात की।

देश के शिक्षा परिदृश्य में बदलाव, हर बच्चे को उसकी जरूरत के मुताबिक शिक्षा और मोशन में शिक्षा से जुड़े अनुभवों पर चर्चा हुई। राहुल ने अपने व्यक्तिगत अनुभव शेयर करते हुए बताया कि अपने पिता राजीव गांधी की हत्या ने उनको स्थितप्राज्ञ बना दिया। भारत यात्रा से उनकी ऑब्जर्वेशन की ताकत और बढ़ी है। भारतीय दर्शन चर्चा का बड़ा हिस्सा रहा।

# मंत्री शांति धारीवाल ने महापौर के आवास पहुंचकर कुशलक्षेम पूछी

**कोटा, (निसं)।** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल शनिवार को महापौर मंजू मेहरा की कुशलक्षेम जानने के लिए किशोरपूरा उनके आवास पर पहुंचे, करीब आधे घंटे तक यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल महापौर आवास पर रुके और महापौर से उनकी इलाज के बारे में जानकारी ली साथ ही परिवार जनों को भी मुलाकात की। भारत जोडो यात्रा के दौरान महापौर मंजू मेहरा चोट लगने से घायल हो गई थी इसके बाद उनको कार्यकर्ताओं द्वारा इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनको चिकित्सकों ने रेस्ट करने की सलाह दी हैं। मंत्री शांति धारीवाल ने महापौर से वार्ता कर उनकी तबीयत के बारे में जानकारी ली साथ ही इलाज को लेकर भी उन्होंने बातचीत कर कुशलक्षेम जानी। इस दौरान पूर्व पार्षद रुकसाना सैय्यद सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कोटा उत्तर महापौर मंजू मेहरा की कुशलक्षेम पूछने मंत्री धारीवाल उनके निवास पर पहुंचे।

## सार-समाचार

### शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**कोटा, (निसं)।** राजस्थान गुर्जर महासभा जिला कोटा द्वारा आयोजित प्रदेश कार्य समिति की बैठक एवं जिला कोटा की नव नियुक्त कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह 11 दिसम्बर 2022 रविवार को कोटा में आयोजित किया जाएगा। कोटा के निजी होटल में टी.वी.एस. सर्किल महावीर नगर विस्तार योजना नवनिर्मित होटल श्री में प्रातः 11 बजे से कार्यक्रम प्रारम्भ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कालूलाल गुर्जर पूर्व केबीनेट मंत्री राजस्थान सरकार करेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि प्रहलाद गुंजल पूर्व विधायक कोटा उत्तर रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मोहनलाल वर्मा राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेश महामंत्री होंगे। साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि देवनारायण रग्गल प्रदेश उपाध्यक्ष जयपुर से तथा मन्नालाल गुर्जर प्रदेश उपाध्यक्ष कोटा एवं राम लाल गुंजल संभागीय अध्यक्ष होंगे। कार्यक्रम के समन्वयक छीतर लाल कसाणा संभागीय महामंत्री द्वारा कार्यक्रम संचालन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक राजस्थान गुर्जर महासभा के कोटा जिलाध्यक्ष डॉ. बी.एल. गोचर बताया कि हाड़ौती सहित सम्पूर्ण राजस्थान के पदाधिकारी इसमें शामिल होंगे।

### जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**कोटा, (निसं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर ओपी बुनकर के निर्देशानुसार जिले में नव मतदाताओं को जोड़ने एवं वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में जानकारी देने का कार्य किया जा रहा है। कीर्तांशम् दी ग्रुप ऑफ सोशल अवेयरनेस संस्थान की ओर से शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर 17 वर्ष की आयु पार कर चुके युवक-युवतियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर शैक्षणिक संस्थानों के लोगों एवं जागरूक युवाओं को वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस दौरान स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी रविंद्र श्रीवास्तव द्वारा छात्र-छात्राओं को ईएलसी, वी एफ ए व क्लबों के बारे में जानकारी देकर क्लबों के महत्व को बताया जा रहा है। संस्थान के पदाधिकारी हरीश पवाड, डॉक्टर जीआर गोयल द्वारा आम लोगों को इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान दूर-दराज के गांव में भी पहुंचकर जन-जागरूकता का कार्य किया जा रहा है।

### महर्षि बालिनाथ जयंती को लेकर सोगरिया व रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बैठकें ली

**कोटा, (निसं)।** बैरवा विकास समिति द्वारा आगामी 25 दिसम्बर को मनाए जाने वाले बैरवा दिवस एवं महर्षि बालिनाथ जयंती को लेकर शहर में घूम-घूमकर समाजबंधुओं को आमंत्रित किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने बताया कि तैयारी को लेकर शनिवार को सोगरिया व रेलवे स्टेशन क्षेत्र में समाजबंधुओं से जनसंपर्क किया व समाजबंधुओं की बैठक ली। इस मौके पर अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि इस वर्ष महर्षि बालिनाथ जयंती को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए सुझाव भी देने का आह्वान किया। राजेश वर्मा ने कहा कि समिति चाहती है कि समारोह में समाजबंधुओं की भागीदारी सुनिश्चित हो और समाज की तरक्की की झलक भी समारोह में दिखाई दे, इसके लिए प्रबुद्धजन आगे आकर सुझाव दें। इस मौके पर उपाध्यक्ष हंसराज बैरवा, मीडिया प्रभारी अरविन्द वर्मा, श्रीकृष्ण बैरवा, सांस्कृतिक मंत्री ओमप्रकाश बैरवा, बसराम बैरवा, गोबरीलाल बैरवा समेत अन्य पदाधिकारी व समाजबंधु मौजूद रहे।

### हॉकी प्रतियोगिता आयोजित

**रावतभाटा, (निसं)।** परमाणु ऊर्जा विभाग डीएवी की 37वीं हॉकी प्रतियोगिता सिकंदराबाद हैदराबाद में आयोजित हुई। जिसमें शनिवार को फाइनल मैच में पुष्कर (रावतभाटा) ने द्वारका को 1-0 से हराया, और पुनः चौंपियन का खिताब हासिल कर चौम्पियन ट्राफी प्राप्त कर रावतभाटा का नाम रोशन किया। इस दौरान संजय कांडपाल (कैप्टन), अशोक सिंह, किशोर सिंह, योगेश शर्मा, तारिक़ अनवर, हरी सिंह, सुमराय सोरन, अजहर, भास्कर, सुरेंद्र सिंह हाडा, मोहित, एसपी जांगिड, ओपी सिंह, प्रभात, अखलेश दुबे, अब्देश, पीके शर्मा, श्याम टीम के खिलाड़ी खेले। प्रतियोगिता में पुष्कर के हरी सिंह को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाडी चुना गया। हरि सिंह, सुरेंद्र सिंह हाडा, अखिलेश दुबे, संजय कांडपाल को डीएई की टीम में चयन किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया।

### वृद्धाश्रम में भी बुजुर्गों के अच्छे खाने पीने के लिए मदद करेगा युवा दल

**रामगंजमंडी (निसं)।** उपखण्ड क्षेत्र के खैराबाद में सात साल से उन बुजुर्गों को जिनको घर परिवार वालों ने रोटी देना व पूछ परख करना बंद कर दिया है और जिन्हें राजस्थान सरकार के समाज कल्याण विभाग ने एक वृद्धाआश्रम खोल कर रख रखा है। जिसमें विभिन्न गावों के 12 बुज़र्ग महिला और पुरुष हैं।जिनके लिए सरकार प्रति व्यक्ति लगभग 1800 रुपये एक माह का अनुदान एनजीओ को देती है।जो बहुत कम होने से बुजुर्गों को सादा खाना ही मिलता है। जिन्हें भी नाश्ता और खाना बढ़िया मिले इस दिशा में शनिवार को वृद्धाआश्रम का दौरा कर युवा दल सचिव राजकुमार पारख ने वस्तुस्थिति की जानकारी और हाल चाल जानकर रविवार की मदद करने का निर्णय लिया।

### नाले के गंदे पानी से लोग परेशान

**कोटा, (निसं)।** नगर निगम कोटा दक्षिण के पीछे 100 मीटर दूरी पर राजीव गांधी पाठशाला के पीछे नाला जाम होने से बस्ती में पानी भर गया। पार्षद सलीना शेरी ने बताया की नाला जाम होने की सूचना उच्च अधिकारियों को महापौर राजीव अग्रवाल का दी गई शनिवार रविवार छुट्टी का दिन होने से आपातकालीन लेबर का दस्ता नहीं पहुंच सका इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद सलीना शेरी ने मांग की है कि लेबर आपातकालीन दस्ता 24 घंटे नगर निगम में मौजूद होना चाहिए जिससे लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

## यज्ञ का आयोजन किया

**रावतभाटा, (निसं)।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर चारभुजा में यज्ञ का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य सीमा व्यास ने बताया कि विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां देकर परीक्षा में सफलता अर्जित करते हुए अच्छे अंको की कामना की। 12 दिसंबर से सभी विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ होगी, जिसके पूर्व परीक्षा यज्ञ का आयोजन किया गया।

इस प्रकार के आयोजनों से बालकों का सर्वांगीण विकास होता है और बालक हमारी भारतीय परंपरा से यज्ञ करना सीखता है। हमारी भारतीय संस्कृति में यज्ञ का बहुत महत्व है। किसी कार्य की सफलता एवं जीवन में शांति प्राप्ति के लिए हवन अति आवश्यक है। सभी बालक-बालिकाओं ने लक्ष्य प्राप्ति का संकल्प लिया और भविष्य में पढ लिखकर अच्छे नागरिक बनने की मंगल कामना की।

इस अवसर पर संस्कृति बौद्ध परियोजना प्रमुख बृजेश वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यापक-अध्यापिका एवं अभिभावकों की संस्कृति ज्ञान परीक्षा 17 दिसंबर 2023 को आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों की संस्कृति ज्ञान परीक्षा 21 जनवरी को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में श्रेष्ठ परिणाम देने वाले सभी प्रतिभागियों को विद्यालय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

## 'भारतीय संस्कृति में यज्ञ का अत्यधिक महत्व'

**छबड़ा, (निसं)।** बालिका आदर्श विद्या मंदिर में शनिवार को लक्ष्य प्राप्ति यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या मनोरमा शर्मा ने बताया कि सोमवार से प्रारंभ होने जा रही अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पूर्व विद्यालय में लक्ष्य प्राप्ति यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें परिधि शर्मा, प्रिया गहलोत ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया और यज्ञ में आहूतियाँ दी गई। भारतीय संस्कृति में यज्ञ का बहुत अधिक महत्व है। किसी कार्य की सफलता एवं जीवन शांति के लिए यज्ञ आवश्यक है। यहां परीक्षा प्रभारी रामदयाल गुर्जर, धर्मेंद्र कुमार रावल, प्रमोद शर्मा, शिवराज मीणा, अनिता लोधा, सीमा ढोली, लक्ष्मी किरार, दीपिका हाडा, अनिता मेघवाल, किरण साहू, पूजा भार्गव, ज्योति कुशवाह, प्रिया साहू, दीक्षा राठौड़ आदि मौजूद रही। वही, अटरू आदर्श स्कूल के प्रधानाचार्य नरेश प्रजापति ने बताया कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पूर्व भैया-बहिनों की सफलता के लिए लक्ष्यभेदी यज्ञ का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान समिति अध्यक्ष अतुल पारिक रहे। पारी प्रभारी जितेंद्र सिंह के अनुसार 160 भैया-बहनों ने मंत्रोचारण के साथ यज्ञ में आहुतियां दी।

## पीडब्लूडी विभागीय अध्यक्ष का सम्मान किया

**कोटा, (निसं)।** सार्वजनिक निर्माण विभाग राजभवन रोड़ कोटा के प्रांगण में राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (लोकतांत्रिक) सा.नि.वि कोटा0 के नवनिर्वाचित विभागीय अध्यक्ष विनय सक्सेना का सम्मान समारोह व स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीडब्लूडी के के समस्त पदाधिकारी व सदस्यों का सक्सेना का माल्यार्पण कर व साफा बांधकर स्वागत किया गया व जिले के समस्त विभागों के जिलाध्यक्षों व उपाध्यक्षों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें कर्मचारी संघ कोटा के जिलाध्यक्ष रामरतन रामरिया का स्वागत किया गया एवं सा.नि.वि. विभाग के अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता एवं सहायक अभियंताओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विनय सक्सेना ने कहा कि कर्मचारियों के सहयोग से जो ये नवीन पद मिला है इसकी गरीमा बनाते हुए कर्मचारियों के हित में सभी संगठनों को साथ लेकर समन्वय स्थापित करते हुए कर्मचारियों के हित में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उचित मंच पर कर्मचरियों की समस्याओं को भी उठाया जाएगा साथ ही सरकार की मंशानुसार कार्य कर योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचे इसका भी प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर रामराज सहारिया, मुख्य सलाहकार द्वारा विनय सक्सेना जिलाध्यक्ष कोटा को साफा पहनाकर स्वागत किया।

## मानवाधिकार दिवस मनाया

**रावतभाटा, (निसं)।** रावतभाटा उपखंड क्षेत्र के ग्राम नली में आदिवासी भील समाज ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया। इसमें बाबा साहब अंबेडकर व बिरसा मुंडा को पुष्प अर्पित किए गए। समाज को संबोधित करते हुए बताया कि मानवता को समान रूप से जीने का अधिकार यह मानवाधिकार दिवस में संदेश देता है कि हमारे जीवन में हमें बोलने की आजादी बात रखने की स्वतंत्रता जो हमारे संविधान के मूल्यों से हमारे जीवन से जुड़ा हुआ है और संविधान में हमें 6 मौलिक अधिकार दिए हुए जो जीवन को सुरक्षित व रक्षा करते हैं। इस अवसर पर छोगा भील, बालु भील, भूरा, किशन, फोरूलाल, मुकट भील, भूरालाल भील, जगन्नाथ, किशन, प्रकाश भील, सुरज भील, सुरज, रामलाल भील, देवलाल, सीताराम भील, कुचरीबाई, भगवानी बाई, रामीबाई, रूपाबाई, हीरा बाई, रतनी, धापूबाई सहित समाजजन उपस्थित रहे।

# जन आक्रोश यात्रा का स्वागत किया

**रावतभाटा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जंगलराज, कुशासन, भ्रष्टाचार के खिलाफ जगह-जगह मोर्चा खोलकर जन आक्रोश यात्रा निकाली जा रही है।

इसी क्रम में जन आक्रोश यात्रा का रावतभाटा नगर में भव्य स्वागत किया गया। नगर के जन आक्रोश यात्रा के प्रभारी हर्ष जैन ने बताया कि रावतभाटा नगर के उपनगरीय झालरबावड़ी चारभुजा के बप्पारावल चौराहे से जन आक्रोश रथ यात्रा शुरू हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया।

नगर में जगह-जगह रथ का स्वागत किया गया। सभी मोर्चो द्वारा विभिन्न स्थानों ओ.बी.सी. मोर्चा उपाध्यक्ष राजकुमार सोलंकी वार्ड पंच उषा सोलंकी के नेतृत्व में श्री राम मन्दिर चारभुजा झालरबावडी में, भारतीय मजदूर संघ, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, एस.सी. मोर्चा, एस.टी. मोर्चा, किसान मोर्चा, ओ.बी.सी. मोर्चा द्वारा जगह-जगह रावतभाटा नगर में स्वागत किया। जन आक्रोश यात्रा कार्यक्रम का संचालन कुशाल बारेशा ने किया।

जन आक्रोश यात्रा मीडिया प्रभारी दिलीप मीणा ने बताया कि पूर्व विधायक डॉ. सुरेश धाकड, विधानसभा प्रभारी मदन गुर्जर, जन आक्रोश यात्रा विधानसभा प्रभारी सत्यनारायण मेनारिया, माण्डलगढ़ प्रभारी कमलेन्द्र सिंह हाडा, मंजुलता जंगम ने सभा को संबोधित किया।

साथ ही पूर्व विधायक व जिला प्रमुख सुरेश धाकड ने जनता व सभी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रावतभाटा में भेदभाव पूर्ण तरीके से जनता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, और बरसो से रह रहे मकानों मे उन मकानों को अतिक्रमण बताकर तोड़ा जा रहा है और साथ ही पूर्व विधायक ने चेतावनी देते हुए कहा कि जो अधिकारी जनता के साथ गलत कर रहे है उनको भी समय आने पर नही बक्शा जाएगा।

जन आक्रोश यात्रा में प्रधान आरती बारेशा, नगर अध्यक्ष मंजुलता जंगम, प्रदेश कार्यसमिति किसान मोर्चा सदस्य तारावती धाकड़, पूर्व सरपंच कुशाल बारेशा, पूर्व चेयरमैन लीला शर्मा, बंसीलाल प्रजापत, पूर्व महामंत्री हरीश राठौर, महामंत्री आनंद प्रकाश शर्मा, राकेश पितलिया, पूर्व पार्षद कान्हाराम चारण, लीला चारण, दिनेश रेठुदिया, दिनेश सेन, राजकुमारी चौधरी, दिलीप मीणा, रूपकला पारेता, हेमन्त राठौर, पार्षद पदमा सोनी, रेखा लोधा, मनीष गिरी, प्रेरणा जैन, पूर्व नगर प्रवक्ता बालकिशन गुलाटी, सत्यनारायण पोरवाल, पूर्व भा.म.स. अध्यक्ष निर्मल जैन, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष भुवनेश नागर, नगर उपाध्यक्ष आर.डी.शर्मा, मुकेश शर्मा, पूर्व जिला मंत्री माणक सेन, महिला मोर्चा अध्यक्ष राजू चौधरी, पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष वसीम शेख, युवा मोर्चा महा मंत्री रौनक चौधरी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राहुल राठौर, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इरफान शेख, एस. टी. मोर्चा अध्यक्ष कमल मीणा, एस. सी. मोर्चा अध्यक्ष विक्रम गोरे, ओबीसी मोर्चा से दिनेश सोनी, नगर मंत्री विजय गुप्ता, चारभुजा से शामिल मधु गुप्ता, कैलाश माहेश्वरी, विकास धाकड़, सुशील शर्मा, रवि परसेंडिया, अनु रावत, मनीष प्रजापत, दर्शन सिंह, आई.टी.संयोजक कृष्णा सोनी, रावतभाटा कार्यकर्ता जितेन्द्र गोठी, रवि राठौर, उमेश सेन, शुभम, पंकज हेमंत शाक्यवाल, राहुल, अर्पित सहित कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति मकान वाके कोटड़ी कोटा (राजस्थान) में स्थित हैं, उक्त सम्पत्ति श्री माधो लाल से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र दिनांक 31.05.1968 को श्री कुंज बिहारी लाल ने खरीद किया था, तत्पश्चात् श्री कुंज बिहारी लाल विजयवर्गीय ने जरिये वसीयतनामा दिनांक 15.04.2001 को श्रीमती कस्तूरी बाई एवं श्री योगेन्द्र कुमार के पक्ष में कर दिया, तत्पश्चात् श्रीमती कस्तूरी बाई का स्वर्गवास दिनांक 06.11.2004 को हो गया, तत्पश्चात् श्री कुंज बिहारी लाल विजयवर्गीय का स्वर्गवास दिनांक 14.01.2012 को हो गया, एवं श्री कुंज बिहारी लाल विजयवर्गीय एवं श्रीमती कस्तूरी बाई के स्वर्गवास के पश्चात् उनके विधिक वारिसान श्री योगेन्द्र कुमार वसीयतनामा दिनांक 15.04.2001 के अनुसार उक्त सम्पत्ति के संयुक्त रूप से मालिक व काबिज हो गये। तत्पश्चात् नगर निगम कोटा (दक्षिण) ने जरिये रजिस्टर्ड पट्टा विलेख (फ्री होल्ड) दिनांक 03.08.2022 (जिसका पंजीयन दिनांक 04.08.2022) को श्री योगेन्द्र विजयवर्गीय के पक्ष में कर दिया। जिस बाबत् मेरे अभिभाष्य श्री योगेन्द्र विजयवर्गीय वित्तीय संस्था LIC Housing Finance Ltd. से ऋण प्राप्त कर रहे हैं, सर्वसाधारण को सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालीकाना हक स्वामित्व, कब्जे व अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो पन्द्रह दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

For S.R.M. PARTNERS
Off. No. 127, Santwani Sadan
Ballabh Bari, Kota

दिनांक : 10.12.2022 M. : 7737426847, 9414735406


# नेत्र चिकित्सा शिविर में 175 लोगों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया

**रावतभाटा, (निसं)।** रावतभाटा नगर के उपजिला चिकित्सालय में शनिवार को नगर पालिका, जिला अंधता समिति चित्तौडगढ़ एवं सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में भारत विकास परिषद की ओर से विशाल नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के प्रथम दिन शनिवार को कुल 400 ओपीडी जांच किए गए, उनमें से 175 लोगों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। जिनमें से 14 रोगी नाखूना रोग से पीडित पाए गए। तथा एक 9 वर्षीय बालक अजय कंजर के दोनों आंखों में मोतियाबिंद पाया गया, जिसका कोटा चिकित्सालय में निशुल्क उपचार होगा। साथ ही साथ ही गत वर्ष एक आंख का ऑपरेशन करा चुकी ममता बाई की दूसरी आंख का भी कोटा चिकित्सालय में निशुल्क उपचार होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती, स्वामी विवेकानंद एवं स्व. शंभू दयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। शाखा की परंपरा अनुसार राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन हुआ। तत्पश्चात शाखा अध्यक्ष रणजीत सिंह राजपुरोहित ने सभी अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया। तथा शाखा की गतिविधियों के बारे में सभी को बताया। राजपुरोहित ने बताया कि भारत विकास परिषद शाखा रावतभाटा अब तक 28 नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर लगा चुकी है, जिसमे अब तक कुल 17 हजार 800 रोगियों की जांच की गई, कुल 8 हजार 273 रोगियों की आंखों के सफल ऑपरेशन किए जा चुके है।

भारत विकास परिषद शाखा रावतभाटा सर्व समाज के सभी लोगो के लिए सदैव कार्य करती रही है और आगे भी करती रहेगी। भारत विकास परिषद शाखा रावतभाटा ने कोरोनाकाल में चिकित्सालय को दो बाइपेप मशीन तथा कई मौकों पर रक्तदान जैसे कार्य किए हैं। साथ ही भारत को जानो, गुरुवंदन छात्र अभिनंदन जैसे कई संस्कार प्रकल्पों को सफलता पूर्वक संपन्न करती है।

भारत विकास परिषद हॉस्पिटल कोटा से आए डॉक्टर राहुल गर्ग ने रोगियों को आंखों बचाए रखना, जांच एवं ऑपरेशन के बाद ध्यान रखने वाली सावधानियों के बारे में बताया।

प्रांतीय अध्यक्ष किशन पाठक ने बताया कि रावतभाटा शाखा न सिर्फ कोटा बल्कि पूरे राजस्थान में भारत को जानो प्रकल्प में अग्रणी है, अब तक एक लाख से अधिक बच्चों के बीच भारत को जानो प्रतियोगिता करवा चुकी है।

राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा ने बताया कि देश भर में भारत विकास परिषद का द्वारा 1 लाख से अधिक ऑपरेशन एवं एक लाख ब्लड डोनेशन आयोजित किए जा चुके हैं। राजस्थान दक्षिण पूर्व हाडोती प्रांत का लक्ष्य 5 हजार ऑपरेशन रखा गया है, जिसे सफलतापूर्वक हासिल कर लिया जाएगा। श्याम शर्मा ने लोगों से आह्वान किया है कि प्रत्येक लाभार्थी भारत विकास परिषद का प्रतिनिधि बनकर अन्य सभी लोगों को इस तरह के नेत्र शल्य चिकित्सा शिविरों में आकर अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। परिषद के द्वारा देशभर में 13 केंद्रों पर दिव्यांग जनों के लिए कृत्रिम अंग एवं उपकरण लगाने का कार्य किया जाता है, यदि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र रोग से पीडित हो तो दोबारा भी यह शिविर आयोजित किया जा सकता है।

स्वर्गीय शंभू दयाल ने अपना पूरा जीवन परिषद को समर्पित किया है। कार्यक्रम में संरक्षक राधेश्याम गुप्ता ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीराम पलोड ने किया। कार्यक्रम में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जाटव कैलाशपति ओझा, राधेश्याम गुप्ता, लालचंद लोढा, आरएस राजपुरोहित, मुकेश शर्मा, एमएल परिहार, श्रीराम प्लॉट, राजेश जोशी, डीसी शर्मा, अशोक कुमावत, हस्तीमल नाहर, परमानंद गिल, देवेंद्र कुमार व्यास, श्यामसुंदर सोनी, ओम प्रकाश गुप्ता, कैलाश व्यास, श्रीनाथ, गिरिराज गुप्ता, राधेश्याम, बीएम गुप्ता ने भाग लिया।

## शौर्य यात्रा आज

**रामगंजमंडी(निसं)।** विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान व गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष पर नगर में रविवार को विराट शौर्य यात्रा का आयोजन रखा गया है। जिसमें रामगंजमण्डी तहसील के 91 गांवों से कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। शौर्य यात्रा की पूर्व तैयारी में कार्यकर्ताओं द्वारा मार्ग में कदम-कदम पर ऐतिहासिक स्वागत की व्यवस्था रखी गई है। भगवा पताकाओं से सम्पूर्ण मार्ग सुशोभित किया। विहिप जिला मंत्री हिमांशु आचार्य ने बताया कि शौर्य यात्रा हेतु दोपहर 12 बजे गोरधनपुरा माताजी मंदिर प्रांगण में एकत्रित होंगे।


**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)**

क्रमांक:-ननिकोद/उपायुक्त/भ.नि.अनु./2022/8236 दिनांक: 7.12.22

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रोशन शर्मा पुत्र श्री गोपाल शर्मा द्वारा नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 356-ए शोपिंग सेंटर कोटा क्षेत्रफल 1320 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 356-ए शोपिंग सेंटर कोटा क्षेत्रफल 1320 वर्गफुट का आवंटन मण्डी कमेटी कोटा क्रमांक: 3968, दिनांक 25.11.1969 से श्रीमती चन्द्रकला पत्नी श्री तेजपाल सिंह के नाम किया गया। दिनांक 28.10.1983 को श्रीमती चन्द्रकला ने श्री रामेशवर प्रसाद शृंगी पुत्र श्री रामगोपाल को मुख्तारआम नियुक्त किया। जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 10.11.1983 को उक्त भूखंड श्री रमेश कुमार पुत्र श्री कन्हैया लाल व श्रीमती पुष्पा शर्मा पत्नी श्री गोपाल शर्मा को विक्रय किया। उक्त भूखंड का उपविभाजन नगर निगम कोटा द्वारा क्रमांक: ननिको/2002/6579-6580 दिनांक 05.03.2002 को किये जाने के उपरांत पुष्पा शर्मा पत्नी श्री गोपाल शर्मा को दक्षिण हिस्सा 356-ए, 1320 वर्गफुट एवं श्री रमेश कुमार पुत्र श्री कन्हैयालाल को दूसरा हिस्सा 356-बी 1200 वर्गफुट उपविभाजन किया गया। श्रीमती पुष्पा शर्मा पत्नी श्री गोपाल शर्मा का देहावसान दिनांक 04.07.2011 को हो गया। श्रीमती पुष्पा शर्मा का देहावसान होने के उपरांत गोपाल शर्मा (पति), दिपक शर्मा (पुत्र) व रोशन शर्मा (पुत्र) उनके विधिक वारिसान है। जर्ये रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 05.03.2020 को गोपाल शर्मा व दीपक शर्मा ने स्वैच्छा से रोशन शर्मा के पक्ष में हक त्याग दिया। भूखंड संख्या 356-ए शोपिंग सेंटर कोटा क्षेत्रफल 1320 रोशन शर्मा पुत्र श्री गोपाल शर्मा के पक्ष में आलेखित किया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त आवास के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त आवास का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त आवास से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

# छबड़ा के किसानों का रेल रोको आंदोलन आज, पुलिस प्रशासन सतर्क

**छबड़ा, (निसं)।** किसानों द्वारा रविवार को आयोजित रेल रोको आंदोलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। शनिवार को किसान नेताओं ने गांव-गांव पहुंचकर जनसंपर्क किया और अधिक से अधिक संख्या में किसानों से आंदोलन में भाग लेने की अपील की। रविवार को बड़ी संख्या में किसान खेल मैदान पर एकत्रित होंगे, तत्पश्चात् रेल रोको आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी और सर्वसम्मति से लिए जाने वाले निर्णय अनुसार किसान रेल रोकने के लिए पटरी पर पड़ाव डालेंगे।

किसान नेता रामकल्याण कश्यप ने बताया कि फसल बीमा क्लेम व मुआवजे की मांग को लेकर सरपंच धर्मा धाकड़ के नेतृत्व में किसान पिछले एक माह से हड़ताल पर बैठे हैं। इतना समय गुजरने के बाद भी कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेने से किसानों ने रेल रोको आंदोलन का निर्णय लिया है। रविवार सुबह 10 बजे हजारों की संख्या में किसान खेल मैदान में एकत्रित होंगे। यहां सभी किसान नेता एक जाजम पर बैठकर रेल रोको आंदोलन की रूप रेखा तैयार करेंगे। तत्पश्चात् किसानों द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार किसान रैली के रूप में रेलवे पटरी पर पहुंचेगे और शांतिपूर्ण रूप से पटरी पर पड़ाव डालकर रेल आंदोलन करेंगे। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए किसानों ने 150 गांवों में जनसंपर्क किया और रविवार को छबडा पहुंचने की अपील की।



**छबड़ा में किसानों से एएसपी जिनेंद्र जैन ने समझाइश की एवं यहां डीएसपी पूजा नागर, तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा, सीआई राजेश मीणा, आरपीएफ प्रभारी पवन शर्मा भी मौजूद रहे।**

■ **एएसपी ने छबड़ा पहुंचकर किसानों से समझाइश की**

**समझाइश के लिए पहुंचा प्रशासनः-** किसानों के रविवार को आयोजित रेल रोको आंदोलन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हैं। षनिवार को एएसपी जिनेंद्र जैन, डीएसपी पूजा नागर, तहसीलदार मुकेष कुमार मीणा, सीआई राजेष मीणा, आरपीएफ प्रभारी पवन शर्मा धरना स्थल पर पहुंचे और किसान नेता धर्मा धाकड से मिलने की बात कही।

प्रशासन ने धरना स्थल पर उपस्थित किसानों की समझाइश की और नियमानुसार संवैधानिक रूप से धरना दिए जाने की बात कही। यहां वार्ता में कोई सहमति नही बनी। प्रषासन द्वारा रविवार को आयोजित रेल रोको आंदोलन के समय व स्थान की जानकारी चाही तो उपस्थित किसानों ने अनभिज्ञता जाहिर की। रेल रोको आंदोलन को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा।

# जिले के हट्टीपुरा से भाजपा की जन आक्रोश यात्रा शुरू हुई



**विधायक अशोक डोगरा ने हट्टीपुरा से जनाक्रोश यात्रा का शुभारंभ किया।**

**बून्दी (निसं)।** बूंदी विधानसभा की जन आक्रोश यात्रा की शुरुआत हट्टीपुरा से हुई। मंडल अध्यक्ष शिवराज पूनिया के नेतृत्व में मंडल के गांव में गई। इस दौरान यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

कांग्रेस सरकार के किसानों के कर्ज माफी बेरोजगारी भत्ता जैसी कहीं वादे याद दिलाए गए। जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि जनाक्रोश यात्रा रामनगर कंजर कॉलोनी,रामनगर जाटान, गुड्डा नाथावत, नीम का खेडा, मंगाल, उलेडा , सिंता , सिंती आदि गांव में जन आक्रोश यात्रा निकाली गई। जनक और इस यात्रा को विधायक अशोक डोगरा , प्रदेश मंत्री अशोक सैनी भादरा, जिला महामंत्री सुरेश अग्रवाल, जिला प्रभारी डॉ सत्यनारायण गौतम, पंचायत समिति सदस्य आशा मीणा, जिला प्रवक्ता निर्मल मालव, सरपंच भोपाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सुनील जैथलिया, दुर्गा लाल गुर्जर आदि ने यात्रा को संबोधित किया और कांग्रेस सरकार के कु प्रशासन, जंगलराज व भ्रष्टाचार के बारे में बताया।

# हैदर अली सहवारित पार्षद मनोनीत

**झालावाड़ (निसं)।** फ्रेण्ड्स क्लब अध्यक्ष हैदर अली को राज्य सरकार द्वारा झालरापाटन नगर पालिका में पुनः सहवरित पार्षद मनोनीत होने पर झालरापाटन में खुशी की लहर छा गयी। सरकार के आदेश अनुसार जब मनोनीत पार्षद की लिस्ट जारी हुई तो झालावाड जिले से मात्र एक पार्षद मनोनीत हुआ उसको लेकर झालरापाटन शहर के मुख्य मार्ग सूर्य मंदिर के समीप आतिशबाजी की गयी ओर मिठाइयां बांटी।

फ्रेण्ड्स क्लब की ओर से अध्यक्ष हैदर का फूल माला ओर हार पहनाकर हार्दिक स्वागत किया गया, हैदर अली युवा कांग्रेस के काफी सक्रिय मेंबर रहे हैं, सभी पदाधिकारियो ने नियुक्ति के लिए राज्य सरकार ओर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में क्लब संरक्षक राजकुमार जैन टिल्लू, सलाहकार विक्रमराय कुमावत, विजय सिंह राठोर, विकास शर्मा, व्यापार संघ अध्यक्ष यशोवर्धन बाकलीवाल, पंकज शर्मा, दिनेश कोठारी, सी ए सौरभ पोरवाल, नरेन्द्र राठोर प्रिन्स, शोयेब शेख़, अजय जैन, अनिल चौरसिया, अरविन्द सोनी, हिमांशु सोगानी, नितिन सेठी, गिरिराज बैरवा आदि सदस्य उपस्थित रहे।



**फ्रेण्ड्स क्लब अध्यक्ष हैदर अली को राज्य सरकार द्वारा झालरापाटन नगर पालिका में पुनः सहवरित पार्षद मनोनीत होने पर खुशी की लहर छा गयी।**

# राजेन्द्र मीणा हट्टीपुरा सहकारी समिति के निर्विरोध अध्यक्ष बने

**बून्दी (निसं)।** हट्टीपुरा पंचायत के सहकारी समिति के चुनाव शनिवार को सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुए।

चुनाव में निर्विरोध राजेंद्र मीणा काजरी सिलोर को अध्यक्ष बनाया गया ओर दलवीर चौधरी को सहकारी समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया। समिति के नए सदस्य ओम प्रकाश चौधरी,गोविंद कुमावत ,राजेंद्र कुमार चौधरी, किशन लाल जांगिड, राजेंद्र प्रजापत, रजनी चौधरी, आशा रानी चौधरी, तेजमल, परसराम मीणा सभी नवनियुक्त कार्यकारिणी ने निर्विरोध सहकारी समिति अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मीणा का फूल मालाओं से स्वागत किया और बैंड बाजों के साथ जुलूस के रूप में अपने निवास तक छोडकर आए। जगह-जगह राजेंद्र मीणा का स्वागत हुआ।

स्वागत करने वालो में सरपंच प्रतिनिधि दुर्गा लाल मीणा, भवानी शंकर मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराज पूनिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण चौधरी, कालू लाल मीणा, सुरेंद्र चौधरी, रामलाल मीणा अन्य सैकडों पंचायत वासी जुलूस के रूप में हट्टीपुरा सहकारी समिति से ग्राम काजरी सिलोर अपने निवास पर राजेंद्र कुमार मीणा जुलूस के जुलूस का समापन हुआ।

जुलूस का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई। राजेंद्र कुमार मीणा ने सभी का धन्यवाद किया।



**हट्टीपुरा सहकारी समिति निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष व कार्यकारिणी का स्वागत किया गया।**

# मानवाधिकार दिवस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

**बूंदी (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कुशल भारत-सशक्त भारत थीम पर शिविर आयोजित किया गया।

अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आज मानव अधिकार कितने सुरक्षित विषयक एक वाद विवाद प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कायर्क्रम के मुख्य अतिथि सुनील यादव, सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण और अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एन.के.जेतवाल ने की। विशिष्ट अतिथि सीमा पोद्दार, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति रहीं।

कायर्क्रम में मुख्य वक्ता डॉ. विकास कुमार शर्मा थे। कायर्क्रम में निणार्यकों की भूमिका में डॉ. सविता चौधरी, डॉ.प्रतिभा किरण एवं श्री धर्मवीर मीणा रहे। अन्त में सभी स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं द्वारा श्रमदान कायर्क्रम भी आयोजित किया।



**प्रतियोगिता के विजेताओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया।**

# 'प्रदेश में जंगलराज, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर'

**छबड़ा, (निसं)।** भाजपा का जन आक्रोष यात्रा का रथ षनिवार को दिलोद, मूंडला, गुगोर, भुवाखेड़ी, भीलवाडानीचा, जैपला, कोटडापार, तीतरखेडी, गोडियामेहर आदि पंचायतों में पहुंचा। यहां वक्ताओं ने ग्रामीणो को गहलोत सरकार की विफलताओ के बारे में बताया।

प्रभारी प्रधान हरिओम नागर व सह प्रभारी जमनालाल यादव के अनुसार कांग्रेस सरकार के कुषासन के खिलाफ भाजपा द्वारा निकाली जा रही जन आक्रोष यात्रा को गांव-गांव, ढ्ाणी-ढ्ाणी से भरपूर जन समर्थन मिल रहा हैं। प्रधान नागर ने मूंडला में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गहलोत सरकार के चार साल के कार्यकाल में राजस्थान काफी पिछड़ गया है। प्रदेष में जंगलराज, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।

कांग्रेस कुषासन में व्यापारी, महिलाएं, बच्चे, आमजन स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर सेमली मंडल अध्यक्ष अशोक गौड़, बापचा मंडल अध्यक्ष उदयसिंह लोधा, मोहनलाल नागर, निरंजन शर्मा, मुकेश मीणा, सरपंच सूरजमल मीणा, हिम्मत लोधा, सुरेंद्र वर्मा, ज़िला परिषद सदस्य फूलसिंह मीणा, पराक्रमसिंह, देवकीनंदन शर्मा, सरपंच, वीरभद्रसिंह, रामेश्वर नागर, श्रीकिशन मीणा, भवानीशंकर शर्मा, मनोज नागर, महामंत्री मानसिंह मीणा, सुरेश मीणा, सरपंच लक्ष्मण मीणा, रामदयाल नागर, जगदीश खारोल, रामप्रसाद नागर, केशरी लाल नागर, ओम नागर, कमल नागर आदि मौजूद रहे।



**मूंडला में पहुंची जन आक्रोश यात्रा को भरपूर जनसमर्थन मिला।**

# स्वीप सप्ताह आयोजित होगा

**झालावाड़, (निसं)** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत् मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत स्वीप सप्ताह आयोजित किया जाएगा। जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि 11 दिसम्बर को जिला स्तरीय कैम्प आयोजित कर पूर्व पंजीकृत दिव्यांग मतदाताओं की फार्म-8 के माध्यम से फ्लैगिंग एवं नव मतदाताओं का पंजीकरण का कार्य किया जाएगा। वहीं 12 दिसम्बर को प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय के उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 तक की पेन्टिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 13 दिसम्बर को जिले के सभी महाविद्यालयों में निर्वाचन संबंधी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं 14 दिसम्बर को जिला मुख्यालय पर स्थित प्रमुख कोचिंग क्लासेज में क्लस्टर कैम्प आयोजित कर 17 एवं 18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों का मतदाता सूची में पंजीकरण का कार्य किया जाएगा।

# यूनिफॉर्म मिलने से छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले



**छीपाबड़ौद के काल्पाजागीर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं को यूनिफॉर्म वितरण किया गया।**

**छीपाबड़ौद (निसं)।** छीपाबड़ौद के काल्पाजागीर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान सरकार द्वारा निशुल्क यूनिफॉर्म योजना के अंतर्गत पंचायत समिति सदस्य मांगीलाल मीणा राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष ललित गुर्जर जिला महामंत्री राजेश लववंशी ने कक्षा एक से आठवीं तक सभी छात्र छात्राओं को यूनिफॉर्म वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार संत ने बताया कि इस योजना का लाभ सभी वर्गों के छात्र छात्राओं को मिलेगा जिसमें विद्यालय में सभी विद्यार्थी गणवेश में आ सके। इस मौके पर अध्यापक कौशल किशोर जय नारायण कुशवाह लक्ष्मीनारायण लक्षकार नंदकिशोर गुर्जर रामबाबू लववंशी महेंद्र लववंशी दिनेश जांगिड़ राधेश्याम गोचर शराफत अली अशफाक मोहम्मद अभिभावक हीरालाल गुर्जर विनोद राठौर आदि मौजूद रहे।

# मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग की

**रावतभाटा, (निसं)।** रावतभाटा नगर में शुक्रवार को हुए दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। रावतभाटा उपजिला चिकित्सालय में मोर्चरी के सामने शनिवार को दोनों युवकों चारण बस्ती निवासी 20 वर्षीय गौरव यादव एवं 22 वर्षीय गोवर्धन चारण की मौत के बाद परिजन मुआवजे की मांग को लेकर अड़े रहे। परिजनों ने कहा कि प्रशासन जब तक उनकी मांगें नहीं मानता है तब तक वह न तो शव लेंगे और न ही पोस्टमॉर्टम करवाएंगे। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया।

मामले में विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी के हस्तक्षेप के बाद उपखंड कार्यालय में एचसीसी कंपनी की ओर से 5-5 लाख रुपए की राशि के चेक दोनों के परिवारों को सौंपे गए। इस मौके पर उपजिला कलेक्टर कैलाशचंद गुर्जर, पुलिस उपाधीक्षक झाबरमल यादव, पूर्व पालिका अध्यक्ष धर्मेंद्र तिल्लानी, पालिका उपाध्यक्ष प्रकाशचंद देवड़ा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति पारेता एवं एचसीसी कंपनी की ओर से परियोजना प्रबंधक विवेकानन्द सिंह, एचआर सीनियर ऑफिसर अजय कुमार, वरिष्ठ अधिकारी, लेखाधिकारी संजीव पांजा मौजूद रहे।

वहीं विधायक की ओर से भी दोनों परिवारों को 50-50 हजार रुपए अलग से बतौर सहायता राशि देने की घोषणा की गई है। जिसके बाद परिजन गौरव और गोवर्धन के शव को लेने के लिए मान गए, तथा भैंसरोडगढ़ मार्ग स्थित मुक्तिधाम में दोनों युवकों चारण बस्ती निवासी 20 वर्षीय गौरव यादव एवं 22 वर्षीय गोवर्धन चारण का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को नगर के चेतक मार्केट में बुद्ध विहार के समीप घाटी उतरते वक्त एक ट्रेलर के केबिन और लोडिंग पार्ट को जोडने वाली क्लिप टूट जाने से कई दुपहिया और चौपहिया वाहन को ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया और बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर के टॉवर से टकरा कर पलट गया।

इस ट्रेलर पर पोकलेन मशीन लोड कर रखी थी। वहीं हादसे के बाद ट्रेलर का अगला पार्ट (केबिन) लेकर भाग रहे चालक को लोगों ने पकड़ कर उसकी धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई, जबकि 6 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हादसे में घायल लोगो को चिकित्सालय पहुंचाया गया।

पोकलेन मशीन की चपेट में आए 6 दुपहिया और चौपहिया वाहन पूरी तरह से कबाड़ बन गए। हादसे में वाहनों के अलावा आसपास बैठे गोवंश और कुत्ते भी चपेट में आ गए। जिससे बेजुबानों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद राजस्थान परमाणु बिजली घर संयंत्र स्थल से बड़ी क्रेन मंगवा पोकलेन मशीन सहित क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया गया



**उपखंड कार्यालय में एचसीसी कंपनी की ओर से पांच-पांच लाख रुपए की राशि के चैक दोनों के परिवारों को सौंपा।**

